प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित–चम्बल के साथ कई सहायक नदियां उफान पर। धौलपुर में सेना बुलाई।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और आपदा प्रबंधन मंत्री किरोडी लाल मीणा ने बारिश से प्रभावित इलाकों का दौरा किया–अधिकारियों को हाई अलर्ट के निर्देश दिए।
- राज्य में बीते 6 सालों में बने सभी सरकारी भवनों की गुणवत्ता की जांच की जायेगी–उच्चस्तरीय कमेटी का गठन होगा।
- डिग्गी कल्याण जी की सालाना पदयात्रा आज जयपुर से रवाना हो रही है।

..............................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। कल पूर्वी और दक्षिणी भागों के साथ ही पश्चिमी इलाकों में भी व्यापक बारिश हुई। मध्यप्रदेश से लगती राज्य की सीमा पर बने परिसंचरण तंत्र के असर से बीती रात धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर और कोटा संभाग के इलाकों में बारिश की गतिविधियां बनी रही। धौलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि मध्यप्रदेश में हो रही बारिश और कोटा बेराज से छोडे गये पानी के चलते चम्बल नदी फिलहाल उफान पर है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। प्रशासन ने नदी किनारे रह रहे लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है। एहतिहातन सेना को भी बुलाया गया है।

.........................

करौली जिले में बीती रात बारिश का दौर बना रहा। वहां करणपुर मंडरायल मार्ग फिलहाल अवरूद्ध बना हुआ है। सवाईमाधोपुर में भारी बरसात के बाद बिगडे हालातों का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने भी शहर के विभिन्न भागों का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों को हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। मीडिया से बातचीत में आपदा राहत मंत्री ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

....................

सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गो से टूटा हुआ है। भीलवाडा और आसपास के इलाकों में भी बीते 24 घंटों के दौरान कई जगह तेज वर्षा हुई। मौसम विभाग ने आज जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके चलते जिले के स्कूलों में आज की छुट्‌टी घोषित की गई है। इस बीच मौसम विभाग ने आज अजमेर, जयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी और अति भारी वर्षा की चेतावनी दी है। कोटा, उदयपुर, और भरतपुर संभाग में बारिश की मध्यम गतिविधियां जारी रह सकती है। विभाग के अनुसार कल से अधिकांश जिलों में तेज बारिश से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि शेखावाटी क्षेत्र के जिलों और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भारी बरसात की गतिविधियां इस हफ्ते बनी रहने का पूर्वानुमान है।

.........................

भारी बारिश से उपजी स्थिति के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल राजधानी जयपुर में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और जनता से फीडबेक लिया। मुख्यमंत्री ने जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कों, गड्‌ढ़ों और ड्रेनेज सिस्टम से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों से प्रदेशभर में प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के लिए भोजन, पेयजल और रहने की व्यवस्थाओं के भी निर्देश दिए। बाद में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बारिश से उत्पन्न स्थिति में जनता को सुविधाएं और सभी सेवायें सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की।

............................

राज्य में बीते 6 सालों में बने सभी सरकारी भवनों की गुणवत्ता की जांच की जायेगी। इसके लिए राज्यस्तरीय कमेटी गठित की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी विभागों को क्षतिग्रस्त और जीर्ण–क्षीर्ण भवनों की तुरंत मरम्मत कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि झालावाड के मनोहरथाना में हुए सरकारी स्कूल जैसे हादसे होने पर अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जर्जर भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों को तत्काल स्थानांतरित करने और क्षतिग्रस्त स्कूलों तथा अस्पतालों की प्राथमिकता के साथ मरम्मत कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक भवनों का तुरंत निरीक्षण कर जिलेवार रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

.......................

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जम्मू–कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होगा और इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता आएगी। श्री शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में हुई चर्चा के जवाब में कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आतंकी ढाँचे को ध्वस्त कर दिया जाएगा। गृहमंत्री ने ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका की सराहना की, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया।

.................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि भारत के लचीलेपन, नवाचार, समावेशिता और विकास की कहानियों को प्रामाणिकता और ईमानदारी के साथ बताया जाना चाहिए। कल संसद परिसर में भारतीय सूचना सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं के संगम पर खड़ा है और आई.आई.एस. अधिकारियों पर जनसंवाद को आकार देने की बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आई.आई.एस. अधिकारी केवल सरकारी नीतियों के संप्रेषक ही नहीं हैं, बल्कि वे राज्य और उसके नागरिकों के बीच सेतु का काम भी करते हैं।

......................

पशुपालन विभाग राज्य पशु ऊंट के संवर्द्धन और संरक्षण के लिए नये नियम लायेगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में जयपुर में हुई बैठक में बताया गया कि प्रदेश में लागू राजस्थान ऊंट वध प्रतिषेध और अस्थायी निर्यात का विनियमन अधिनियम, 2015 में सुधार किया जायेगा। इससे ऊंट पालकों को अन्य राज्यों में ऊंट चराने, डेयरी, कृषि कार्य और पशु मेलों में ले जाना आसान हो सकेगा।

..................

प्रदेश की प्रमुख पदयात्राओं में शामिल डिग्गी कल्याण जी की सालाना पदयात्रा आज जयपुर से रवाना हो रही है। बीते 6 दशकों से जारी इस पदयात्रा में शामिल होने के लिए जयपुर और आसपास के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंहुचे है। चौडा रास्ता स्थित ताडकेश्वर महादेव मंदिर से उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी पदयात्रा को रवाना करेंगी। यात्रा को देखते हुए जयपुर और टोंक में जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भण्डारे लगाये गये है और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। पदयात्री चार अगस्त को डिग्गीपुरी मंदिर पंहुचेंगे।

......................